**मूल हिंदी में**

भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1102**

**10.02.2025 को उत्तर के लिए**

**नर्मदा नदी के तट पर वनरोपण**

**1102. श्री दर्शन सिंह चौधरीः**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या नर्मदा नदी तट के दोनों ओर वनीकरण के लिए सरकार की कोई योजना है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री :**
**(श्री कीर्तवर्धन सिंह)**

(क) और (ख) नर्मदा नदी के दोनों ओर वनरोपण के लिए भारत सरकार की कोई विशेष योजना नहीं है। तथापि, भारत सरकार अनके योजनाओं जैसे काम्पा, मिष्टी, नगर वन, इत्यादि के तहत वनरोपण के लिए राज्यों को निधि उपलब्ध कराती है।

गुजरात सरकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार, उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान (टीएफआरआई), जबलपुर ने नर्मदा नदी के लिए वानिकी कार्यकलापों हेतु एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की है और तदनुसार, वर्ष 2021-22 से 2023-24 के दौरान गुजरात राज्य में नर्मदा के जलग्रहण क्षेत्र में कुल 2621 हेक्टेयर में वृक्षारोपण किया गया है।

***